दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र


मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 189 मुरादाबाद 06 November 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## पीएम मोदी पंजाब में डेरा ब्यास पहुंचे, बाबा गुरिंदर से की गुफ्तगू



अमृतसर/जालंधर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पंजाब के दौरे पर पहुंच गए हैं। वह राधा स्वामी संप्रदाय के डेरा ब्यास पहुंचे। उनका जालंधर के आदमपुर एयरबेस पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद वह हेलीकाप्टर से डेरा ब्यास रवाना हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डेरा ब्यास के प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों से मुलाकात की। इसके बाद वह हिमाचल प्रदेश में चुनावी रैलियों को संबोधित करने रवाना हो गए।

### जालंधर के आदमपुर एयरबेस से हेलीकाप्टर में डेरा ब्यास पहुंचे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले जालंधर के आदमपुर एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे और फिर वहां से हेलीकाप्टर में डेरा ब्यास के लिए रवाना हुए। डेरा ब्यास पहुंचने पर उनका डेरा मुखी बाबा गुरदिंर सिंह ढिल्लो ने स्वागत किया। इसके बाद पीएम मोदी ने डेरा का दौरा किया और विभिन्न स्थलों का दौरा किया। इस दौरान प्रधानमंत्री संगत भवन भी पहुंचे और वहां मौजूद डेरा अनुयायियों का अभिवादन स्वीकार किया। पीएम मोदी को डेरा मुखी बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लो ने डेरा की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। दोनों ने बंद कमरे में गुफ्तगू की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डेरा ब्यास में सत्संग हाल, लंगर भवन सहित विभिन्न स्थानों का अवलोकन किया। इस दौरान वह वहां मौजूद डेरा अनुयायियों से भी रुबरू हुए। उनके साथ डेरा मुखी बाबा गुरिंदर भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डेरा की व्यवस्थाओं, परंपराओं और गतिविधियों की सराहना की।

### राहुल गांधी भी आ चुके हैं डेरा ब्यास

हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पीएम नरेंद्र मोदी डेरा ब्यास पहुंचे। डेरा ब्यास का पंजाब के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश में भी काफी असर है। डेरा ब्यास के अनुयायी बड़ी संख्या में हिमाचल प्रदेश में हैं। इससे पहले राहुल गांधी भी कई बार यहां आकर आशीर्वाद ले चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आदमपुर एयरफोर्स स्टेशन पहुंचने पर पंजाब के कैबिनेट मंत्री ब्रह्म शंकर जिंपा, राज्य के मुख्य सचिव वीके जंजुआ और डीजीपी गौरव यादव ने स्वागत किया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी हेलीकाप्टर से डेरा ब्यास के लिए रवाना हो गए। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे मद्देनजर आदमपुर एयरबेस और डेरा ब्यास के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। पूरे क्षेत्र में अर्द्ध सैनिक बलों और पंजाब पुलिस के जवान तैनात रहे। बता दें कि पिछले साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिरोजपुर दौरे के समय सुरक्षा में चूक हो गई थी और उनका काफिला एक ओवरब्रिज पर ट्रैफिक में फंस गया था। इस पर काफी विवाद हुआ था और पंजाब की तत्कालीन चरणजीत सिंह चन्नी सरकार निशाने पर आ गई थी। इसी कारण आज प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। पीएम मोदी हालांकि हेलीकाप्टर से डेरा ब्यास गए, लेकिन सड़कों के किनारे भी सुरक्षा कड़ी की गई। डेरा ब्यास के आसपास भी सुरक्षा कड़ी की गई है।

## बिहार, यूपी, ओडिशा, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में 5 दिसंबर को होंगे उपचुनाव, 8 को आएंगे परिणाम



गुजरात और हिमाचल में विधानसभा चुनाव का बीते दिनों ऐलान हुआ। इस बीच आज भारतीय निर्वाचन आयोग ने ओडिशा, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में उपचुनावों की तारीख की घोषणा की है। इन राज्यों में होने वाले उपचुनाव भी अगले महीने होंगे। ईसीआई के अनुसार 5 दिसंबर को मतदान होंगे तो 8 दिसंबर को मतगणना की जाएगी।

### इन जगहों पर होने हैं चुनाव

कई राज्यों में अगले महीने उपचुनाव होने की घोषणा की गई है। इसमें 1 लोकसभा सीट तो 5 विधानसभा सीट शामिल है। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी की लोकसभा सीट पर उपचुनाव होंगे। वहीं, ओडिशा के पादमपुर की विधानसभा क्षेत्र, राजस्थान के सरदार शहर, बिहार के कुरहानी, छत्तीसगढ़ के भानुप्रतापपुर और यूपी की रामपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव होंगे।

### मैनपुरी और रामपुर पर सबकी निगाहें

इस उपचुनाव में सबकी निगाहें यूपी की लोकसभा सीट मैनपुरी और रामपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव पर होगी। बता दें कि सपा के पूर्व संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी की सीट खाली हुई थी। वहीं भड़काऊ भाषण देने के लिए सपा नेता आजम खान की सदस्यता रद्द होने के बाद रामपुर विधानसभा सीट खाली है। गौरतलब है कि दोनों सीटों सपा के गढ़ के रूप में जानी जाती है। इन दोनों सीटों पर इस बार भी कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है।

### गुजरात में भी 5 दिसंबर को होने है चुनाव

गुजरात में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा हाल ही में हुई है। राज्य में 1 और 5 दिसंबर को दो चरणों में चुनाव होंगे। 8 दिसंबर को वोटों की गिनती हिमाचल प्रदेश के साथ होगी। बता दें कि गुजरात की कुल 182 विधानसभा सीटों में से 89 सीटों के लिए 1 दिसंबर को तो बाकी बची 93 सीटों पर 5 दिसंबर को मतदान होंगे।

## डांसर सपना चौधरी समेत 5 पर आरोप तय, प्रोग्राम न करके टिकट के पैसे हड़पने का है इल्जाम


डांस इवेंट के लिए टिकट का लाखों रुपए इकट्ठा करने के बाद कार्यक्रम न करके पैसा हड़पने की आरोपी डांसर सपना चौधरी सहित पांच पर को आरोप तय कर दिए गए। एसीजेएम शान्तनु त्यागी ने आरोप तय करते हुए गवाही के लिए 12 दिसम्बर की तारीख तय की है। अदालत में सपना चौधरी के अलावा जुनैद अहमद, इबाद अली, अमित पांडेय और रत्नाकर पांडेय हाज़िर थे। कोर्ट ने आरोपियों पर उनके विरुद्ध आरोप तय किए। कोर्ट में आरोपपत्र पढ़कर सुनाया तो सभी ने आरोपों से इनकार किया और विचारण की मांग की। बता दें कि 13 अक्टूबर, 2018 को



लखनऊ के स्मृति उपवन में दोपहर तीन बजे से रात 10 बजे तक सपना चौधरी और कुछ अन्य कलाकारों का प्रोग्राम होना था। इसके लिए प्रति व्यक्ति 300 रुपए में आनलाइन व आफलाइन टिकटों की बिक्री की गई थी। कार्यक्रम को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोगों ने टिकट खरीदे थे लेकिन रात 10 बजे तक सपना चौधरी नहीं आईं। सपना का इंतजार कर रहे लोगों ने इस पर हंगामा कर दिया। आरोप है कि लोग टिकट का पैसा वापस करने की मांग कर रहे थे लेकिन आयोजकों ने ऐसा नहीं किया। 14 अक्टूबर, 2018 को यह मामला लखनऊ के आशियाना थाने में दर्ज कराया गया। सपना चौधरी के खिलाफ 1 मई, 2019 को विश्वास हनन और धोखाधड़ी के मामले में आरोप पत्र दाखिल हुआ था। जबकि कार्यक्रम के आयोजक जुनैद अहमद, इवाद अली, अमित पांडेय और रत्नाकर उपाध्याय के खिलाफ 20 जनवरी, 2019 को धारा 406 और 420 के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया था। पिछले 10 मई को सपना चौधरी ने सरेंडर करते हुए अंतरिम जमानत की गुहार लगाई थी। अदालत ने उनकी अंतरिम जमानत मंजूर कर ली थी। इसके बाद आठ जून को उनकी नियमित जमानत अर्जी भी सशर्त मंजूर हो गई थी।

## दो तीन माह पहले हुई मारपीट का बदला लेने के लिए कुछ बाइकर्स ने युवक को पीटते हुये उस पर फायर झोंका

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ-हरदुआगंज क्षेत्र के साधू आश्रम हल्का क्षेत्र में पुलिस की शिथिलता के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद है। गांव भवनगढ़ी गोलियों को तड़तड़ाहट से दहल गया। दस बारह बाइकर्स ने गांव में पहुंच विरोधी गुट के युवक के घर पर हमला बोलते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग करने के बाद रास्ते में मिले युवक पर जानलेवा हमला जमकर पीटते हुए उसपर फायर झोंक दिया। पहुंची पुलिस घायल युवक का उपचार कराकर कार्रवाई में जुटी है। रास?ते में रोकेर हथियार बंद युवकों ने युवक को पीटा- गांव भवनगढ़ी निवासी योगेश पुत्र जयवीर सिंह ने तहरीर में बताया कि वह प्रधान के घर से आ रहा था। रास्ते में बाइकों पर सवार हथियारबंद युवकों ने रोककर पीटना शुरू कर दिया। लातघूंसे व डंडे पीटते हुए चाकू मारकर घायल कर दिया, वह छूटकर भागा तो उसे निशाना बनाकर कई फायर किए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिटाई से गंभीर घायल योगेश को पुलिस ने उपचार भेजा। मारपीट का बदला लेने आये थे बाइकर्स- मामले में एसएचओ बृजपाल सिंह बताया कि दो तीन माह पहले कलाई व भवनगढ़ी के युवकों में मारपीट हो गई थी, उसी मारपीट का बदला लेने बाइकर्स भवनगढ़ी में पहुंचे थे। जहां विपक्षी युवक के घर पर फायरिंग की गई है। इसकी वीडियो सामने आई है। मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मामले में घायल योगेश की ओर से एक भवनगढ़ी व दो युवक कलाई के युवकों सहित दस बाइकर्स के विरूद्ध तहरीर दी गई है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## लघुशंका कर रहा था तो उसने टोका जिस पर उसने की मारपीट

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-हरदुआगंज- कस्बा के मोहल्ला अहीरपाड़ा निवासी एक महिला ने दबंग पर घर में घुसकर मारपीट कर अर्द्धनग्न कर देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।थाने में शिकायत कर लौट रही महिला को पीटा-महिला के मुताबिक घर के सामने रहने वाला वृद्ध उसके घर की तरफ नंगा होकर लघुशंका करता है, उसकी जवान बेटी के सामने भी ऐसी अश्लील हरकत कर चुका है। घर की तरफ मुंह करके लघुशंका करने पर टोका तो वह मारपीट पर उतारू हो गया। विवाद पर वह पुलिस को बुलाने थाने पहुंची, जहां से लौटते वक्त रास्ते में मिले वृद्ध ने महिला को डंडे से पीटकर घायल कर दिया। वहीं घायल अवस्था में दोबारा थाने पहुंची महिला को पुलिस ने डाक्टरी परिक्षण कराया। इस दौरान वह अद्धर्नग्न हो गई। आरोपित युवक बैंक में नौकरी करता है। मामले में महिला ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में एसएचओ बृजपाल सिंह का कहना है कि दोनों में पहले से विवाद चल रहा है, फैसले का प्रयास कराया जा रहा है।

## तुलसी के पौधे आंवला के पौधे को स्नानार्थियो ब्राह्मणों में हुवा वितरित

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी- कार्तिक माह उठानी एकादशी महापर्व के उपलक्ष में शीतला घाट पर शिव शक्ति सेवा फाउंडेशन के द्वारा 51 तुलसी के पौधे आंवला आंवला के पौधे स्नानार्थियो ब्राह्मणों में वितरित किया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रीति रवि जायसवाल ने बताया कि कार्तिक महीने में आंवला तुलसी आंवला के पौधे का वितरण हमारे संस्कृति में इसका बहुत ही महत्व बताया गया है। इस पौधों में औषधीय गुण भी पाया जाता है। हमारे इस कार्यक्रम मैं सम्मिलित सम्मानित सदस्य रचना श्रीवास्तव उर्मिला जायसवाल प्रेरणा मंडल अध्यक्ष सारिका गुप्तानिधि रूबी प्रिया नीतू रवि प्रकाश जायसवाल सरस्वती मिश्रा संगीता सिंह रोहित संजू और मद्रास और चेन्नई से आए हुए हमारे श्रद्धालु भी उपस्थित थे।

## गांव के महिलाओं व बेटियो को शिक्षा,कानून के प्रति किया जाएगा जागरूक

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी- पयागपुर राजातालाब, राष्टिय जन कल्याण परिषद की प्रदेश मंत्री प्रिया उपाध्याय जी के आवास पर महिलाओं के उत्थान के लिए,गांव के महिलाओं व गांव की बेटियो को शिक्षा,कानून, व खेल कूद के कार्य क्षेत्र में अग्रसर करने के लिए अखिल भारतीय हिंदू महासभा ( महिला मोर्चा ) की राष्टीय अध्यक्ष विभा मिश्रा जी से प्रिया जी की उपस्थिति में विस्तृत वार्ता लाभ करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ राष्टीय अध्यक्ष विभा मिश्रा जी ने गांव के महिलाओं को लेके बहुत ही चिंता व्यक्त किया,और बहुत ही जल्द विभा मिश्रा जी व प्रदेश मंत्री प्रिया उपाध्याय जी द्वारा महिलाओं को अग्रसर बनाने के लिए बहुत जल्द वाराणसी जिले में एक महत्वपूर्ण कार्य सुरु किया जा रहा है.बाबा विश्वनाथ की कृपा से प्रदेश मंत्री प्रिया उपाध्याय जी के द्वारा,रूबी भूमिहार,प्रिया राजपूत,गरिमा श्रीवास्तव को इस कार्य को उसके सही दिशा निर्देश के लिए महत्वपूर्ण रूप से चयनित किया गया है।

## डीएपी खाद एजेंसी वाले किसानों के साथ भेदभाव न करें शिकायत सही पाई गई तो होगी कार्यवाही-राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- डीएपी खाद एजेंसियों पर भेदभाव किसानों के साथ होने की जानकारी मिल रही है भैया भेदभाव का रवैया बंद होना चाहिए सभी किसानों को एक नजर से देखना चाहिए उत्तर प्रदेश सरकार ने डीएपी खाद यूरिया भारी मात्रा में भेज रही है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह को क्षेत्र के किसानों ने बताया है कि भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाते हुए डीएपी खाद दी जा रही है ऐसा नहीं होना चाहिए किसानों के साथ हार एजेंसी का दौरा करूंगा किसानों की शिकायत सत्य पाई गई एजेंसियों मालिकों पर होगी कार्रवाई भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह को किसानों ने यह भी बताया है किसानों को डीएपी खाद ब्लैक में दी जा रही है इसकी भी जानकारी हर एजेंसी पर की जाएगी युद्ध में डीएपी खाद भेजी जा रही है किसानों को दी जा रही है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है डीएपी खाद की कहीं भी कोई किल्लत नहीं होने दी जाएगी उन्होंने यह भी कहा है कि जो भी खाद एजेंसियों पर पहुंच रही है एजेंसी वाले खाद्य को किसानों में सही तरह से सप्लाई करें शिकायत पर कार्रवाई करवाई जाएगी

## कोतवाली पुलिस ने 50 लाख रुपये की देशी शराब किया बरामद,कप्तान ने दिया टीम को 25 हजार का इनाम

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी-पुलिस अधीक्षक चंदौली अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में शराब तस्करी के अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज कोतवाली और सर्विलांस टीम के हाथ बड़ी कामयाबी हाथ लगी है।इस संबंध में कप्तान ने अभियुक्त को मीडिया के सामने पेश करते हुए बताया कि कुल 801 पेटी देशी शराब बरामद हुवा है,जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख बताई जा रही है।अभियुक्तों को पकड़ने वाली टीम को कप्तान अंकुर ने 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा किया है।अभियुक्तों को पकड़ने वाली टीम में थाना कोतवाली चन्दौली से प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह,उप निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा,अविनाश गुप्ता,कांस्टेबल इंद्रजीत प्रजापति, बबलू,विकाश सर्विलांस टीम से सर्विलांस प्रभारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह,उप निरीक्षक सूरज सिंह,कांस्टेबल देवेंद्र सरोज,प्रेमप्रकाश यादव,अजित सिंह रहे।

## शराब के नशे में महिला को बुरी नीयत से दवोचा तीन के खिलाफ रिपोर्ट दज

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अकराबाद - थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला को शराब के नशे में बुरी नीयत से दवोचने के आरोप में पीड़ता ने एक नामजद सहित दो अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि शुक्रवार की रात समय करीब 8:00 बजे जब वह अपने घर पर थी तभी घर पर शराब पी रहे एक नामजद व दो अज्ञात युवकों ने घर पर मुझे अकेली देख गलत नियत से कमरे में खींच लिया और अंदर से कुंडी बंद कर ली मेरी चीख पुकार सुन पति घर पर आ गए। और दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाई तो तीनों ने मिलकर मेरे साथ मारपीट करते हुए कहा अगर किसी से कुछ कहा तो जान से मार देंगे मेरे द्वारा यह कहने पर कि मैं किसी से नहीं कहूंगी तब वह वहां से चले गए मामले के संबंध में कोतवाल राम वकील सिंह ने बताया है। महिला की तहरीर पर धर्मवीर व उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## दुर्घटना में घायल व्यक्ति को पुलिस के मदद से अस्पताल में किया गया भर्ती

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी-जमालपुर पुलिस ने अब्बास अंसारी उर्फ डब्लू पुत्र स्वर्गीय सिद्दीक अंसारी व रमेश वियार पुत्र मोहन वियार निवासीगण ग्राम बहुआर थाना जमालपुर जनपद मीरजापुर दो पहिया वाहन से दोहरी से बहुआर की तरफ जा रहे थे कि दोहरी गांव के पास ट्रैक्टर ट्राली से एक्सीडेंट हो गया है जिसमें अब्बास अंसारी पुत्र सिद्दीक अंसारी की मृत्यु हो गई है तथा रमेश वियार पुत्र मोहन वियार गंभीर रूप से घायल घायल हैं जिसे ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है मृतक अब्बास अंसारी के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही हैं तथा रमेश वियार पुत्र मोहन वियार गंभीर रूप से घायल घायल हैं जिसे ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। चालक मौके पर ट्रैक्टर ट्राली को छोड़कर भाग गया है। मौके से ट्रैक्टर ट्राली व दुर्घटनाग्रस्त दोपहिया वाहन को भी कब्जा पुलिस में ले लिया गया है।

# विकास योजनाएं एवं विभागीय कार्य प्रभावित न हो अधिकारी अपने दायित्वों का ठीक प्रकार से निवर्हन करें

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवसों में आने वाली जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को निर्देश दिये कि आईजीआरएस शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने के कारण डिफाल्टर होने से जनपद की ग्रीडिंग खराब हो रही है, हमें न केवल शिकायतों का निस्तारण करना है बल्कि शिकायत कर्ता को सही बात बताकर संतुष्टि भी देनी है। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण समय के साथ निस्तारण करें। मुख्यमंत्री कार्यालय से आईजीआरएस शिकायतों की निरन्तर मानीटरिंग हो रही है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रतिदिन कार्यालय में एक घण्टा बैठकर जनशिकायतों को अवश्य सुने ताकि शासन की मंशानुरुप शिकायतों का समय से निदान हो। यदि कहीं भ्रमण पर जाना है तो मूवमेंट रजिस्टर में एंट्री करके ही भ्रमण पर जाये। उन्होंने कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं को ठीक प्रकार से क्रियान्वयन करें तथा पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ अवश्य मिलें। उन्होंने कहा कि हम और बेहतर करने की दिशा में सब मिलकर प्रयास करें, ताकि जनपद का बेहतर फीडबैक बना रहें।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस आवेदकों द्वारा जो प्रार्थना पत्र प्रेषित किए जायें उनमें आवेदक का अथवा उसके किसी परिचित का मोबाइल नम्बर अनिवार्य रुप से दर्ज किया जाये। प्रार्थना पत्र दर्ज होने के पश्चात् सम्पूर्ण समाधान दिवस में आवेदन कर्ता द्वारा प्रस्तुत किया जाये। आवेदन कर्ता की सुनवाई कर उसका तत्काल निस्तारण के यथा संभव प्रयास करना सुनिश्चित करें। समस्त अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वह अपने से संबंधित प्रार्थना पत्रों को उसी दिन प्राप्त करने के बाद ही तहसील कार्यालय छोडे। इसके साथ ही आवेदन पत्रों की प्राप्ति की पूरी व्यवस्था संबंधित तहसीलदार की देखरेख में की जाएगी तथा सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन के बाद उसी दिन सभी प्रार्थना पत्रों का कम्प्यूटर पर अंकन कराना भी संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रार्थना पत्र का कम्प्यूटरीकरण (स्कैनिंग, अपलोडिंग एवं विवरण फीडिंग) समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) (रंदेनदूपणनचणदपबणपद) से संबंधित सम्पूर्ण समाधान दिवस के पोर्टल पर किया जायेगा। शिकायती प्रार्थना पत्र पर अपेक्षित निस्तारण कार्यवाही व प्रगति की स्थिति भी संबंधित अधिकारी द्वारा आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर समय-समय पर अपलोड की जाएगी। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त आवेदन पत्रों का निस्तारण एवं अनुश्रवण के संबंध में निर्देशित किया है कि निजी भूमियों का सीमाकंन/पैमाइश, निजी भूमियों का अविवादित नामान्तरण, खतौनी में नाम व अन्य अशुद्धियों का शोधन, फर्जी बैनामें के आधार पर नामान्तरण/कब्जा, संबंधित शिकायतों को तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित लेखपाल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण किया जाये। ागाह आदि पर अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे, निजी भूमियों पर अन्य भूमिधरों/सहखाते द्वारा अवैध कब्जा, पट्टे की भूमि पर कब्जा, आबादी भूमि में पानी का निकास व आवागमन अवयुक्त करने संबंधी शिकायतों का तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित थाने के हेड कांस्टेबल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाये। गृह विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु प्रकरण संबंधित पुलिस उपाधीक्षक को सन्दर्भित कर दिया जाए तथा सामाजिक न्याय, विकास एवं अन्य विभाग से संबंधित शिकायतों को खण्ड विकास अधिकारी व संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा स्वयं अथवा यथावाश्यक टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाये। गम्भीर एवं अतिसंवेदनशील मामलों का निस्तारण संबंधित उपजिलाधिकारी अथवा तहसीलदार द्वारा स्वयं यथावश्यक टैक्टर व जे0सी0बी0 मशीन का प्रयोग कर किया जाये और इन उपकरणों एवं मशीन के प्रयोग पर होने वाले व्यय सुसंगत नियमों के अन्तर्गत अथवा अवैध कब्जेदार से वसूला जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों में से कम से कम 5 महत्वपूर्ण तथा संवेदनशील शिकायतों को चिन्हित कर उनके निस्तारण हेतु मौके पर भेजकर उसी दिन निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये। आज तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 37 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने विद्युत, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग अन्य विभागों की शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजने के निर्देश देते हुए शिकायतें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस मे जिलाधिकारी के निर्देशानुसार शिकायतें संबंधित विभागीय अधिकारियों को निश्चित समय सीमान्तर्गत निस्तारण करने के निर्देश के साथ सन्दर्भित की गयी। जिलाधिकारी ने आज सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग से संबंधित सर्वाधिक शिकायतों प्राप्त हुई जिस पर उपजिलाधिकारी को शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि संबंधी विवादों एवं राजस्व विभाग से संबंधित अन्य प्रकरणों को गम्भीरता से लेकर प्राथमिकता के आधार पर जनशिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, उपजिलाधिकारी सदर प्रशान्त तिवारी, तहसीलदार नितिन तेवतिया, नायब तहसीलदार गौरव विश्नोई, पुलिस क्षेत्राधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ सरकार कि महात्वकांझी योजना सरस्वती साइकिल योजना में साइकिल वितरण में शामिल हुए विधायक और कांग्रेसी नेता

गयासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- मरवाही कन्या हाई स्कूल में क्लास 9 वीं की बच्चियों को सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक डा. के के ध्रुव और कांग्रेसी नेता ने बालिकाओं को निशुल्क साइकिल वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किये , विधायक ने कहा कि सरकार के द्वारा छात्राओं को हर संभव संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचे मुकाम हासिल कर सकें। साइकिल मिलने के पश्चात ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्राओं को विशेष लाभ मिलेगा और उनके अध्ययन की रफ्तार भी तेज हो सकेगी। बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए ठोस कदम उठाने एवं कोई भी समस्या होने पर सीधे संपर्क करने को कहा, विधायक ने शिक्षकों एवं संस्था प्रमुखों को प्रोत्साहित किया। प्रवक्ता कांग्रेस वीरेंद्र सिंह बघेल ने कहा है की छत्तीसगढ़ सरकार सभी को लेकर चल रही ,छत्तीसगढ़ सरकार की योजना से सभी आयु वर्ग के लोग को लाभ मिल रहा ,कार्यक्रम में/ विधायक डा. के के ध्रुव जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता उपाध्यक्ष( विधायक प्रतिनिधि )नारायण शर्मा सांसद प्रतिनिधि( महामंत्री )राकेश मसीह प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह बघेल उपाध्यक्ष नारायण श्रीवास और स्कूल के टीचर हुए शामिल

## आधार ऑपरेटरों ने कॉलेक्टोरेड में ज्ञापन देकर 14 नवम्बर से अनिश्चिकालीन हड़ताल करने का किया एलान

गयासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- ऑल इंडिया आधार ऑपरेटर यूनियन के द्वारा पूरे भारत मे 14 नवंबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल करने के लिए, गुरुवार को सभी आधार ऑपरेटर ने कलेक्टर ऑफिस गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर हड़ताल करने की चेतावनी दी है। **IDAI** भारतीय विशिष्ट पहचान पत्र के द्वारा **DOEv, DOEw** रिजेक्शन के चलते आधार ऑपरेटरों को 1 साल से 5 साल तक के लिए आई डी बंद किया जा रहा है, आधार ऑपरेटर लम्बे समय से कार्य कर रहे है, जब **IDAI** को भारत मे आधार कार्ड बनवाने की जरूरत थी, ऑपरेटर बना कर काम कराया अब काम निकल जाने पर ऑपरेटरो को अनावश्यक रूप के निलंबित किया जा रहा है। ऑपरेटर का रोजी रोटी बंद होने का डर है, **UIDAI** को पहले भी ज्ञापन दिया गया है, पर **UIDAI** के द्वारा नजरअंदाज कर दिया गया है, पोस्ट आफिस जैसे ऑपरेटर को समय पर वेतन दिया जाता है, जो आधार ऑपरेटर कार्य कर रहे है उनको भी वेतन दिया जाए, साथ ही साथ उपयोग में आने वाली मशीन का बीमा शुल्क सुविधा कराई जाए, यह आधार यूनियन की मांग है, **UIDAI** ने अगर ध्यान नही दिया तो 14 नवंबर को दिल्ली में करीब 2 लाख आधार ऑपरेटर अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Air concern

The steps being taken in Delhi to check pollution are less than appreciated. This question can be raised very easily that what will happen with these steps, but in reality, with the help of small steps, we will be able to reduce pollution and for this, all the governments of the country should take steps according to their respective areas. needed. On an average, pollution in India remains at an alarming level. There are some states like Tamil Nadu, where the situation is fine and the AQI in Tamil Nadu is just 51, while the AQI in Delhi is continuously crossing the 400 mark. It was most important for the Delhi government to take that step, so now schools have been closed for young children, many schools have started running online. Even in Noida, schools for small children are running online. The Delhi government has asked half of its employees to work from home, so that there can be less vehicles on the roads of the capital. Efforts are also being made to stop polluting diesel vehicles outside Delhi, this task is not easy, but one has to start from somewhere. The idea of ??banning construction works completely is also going on. When the air has become poison, then strict steps will have to be taken.

There is no doubt in it that due to haphazard development, pollution has become stifling, especially in North India. The presence of cities of North India among the polluted cities of the world is sad. Talking about fresh pollution, Delhi is the third most polluted city in the world.

Seven of the ten most polluted cities in the world are in India and 28 of the 50 most polluted cities in the world are in India. Not only is the stubble burning in Punjab contributing to pollution, the cities of Haryana are also spreading a lot of pollution. The condition of Sonipat, Rohtak is also bad. These small cities are also giving competition to Delhi in terms of pollution. While the polluted states will have to take steps to save the health of the people, on the other hand, strict measures will have to be taken to prevent the spread or formation of pollution. If Delhi and the surrounding area remain in critical condition for a long time, then the health of the people here will be permanently affected.

However, Delhi has taken some steps, Uttar Pradesh has also taken some steps, but what is the condition of other states? This concern is huge. The air is neither clean in Haridwar nor in Mussoorie. Meaning, the plains have started the work of destroying the mountains as well. So it is time to think about the increasing pollution across the country. The air is not up to the mark in Patna, nor in Ranchi. Why is this happening after all? The time has come to think in totality. The problem is that when January comes, the pollution will be a little less and people will forget about this problem. This has been happening since the last decade. We are thinking of big cities too, but allowing small cities to become islands of pollution. After all, who is thinking how much about pollution in Ghaziabad, Muzaffarpur or Begusarai? As usual, immediate measures are insufficient now, they must be taken up, but we have to work on permanent measures now. Only permanent measures will be able to make the deteriorating environment friendly to human health.

# Urfi Javed will be seen in Splitsvilla, will add glamor to the show

Social media sensation Urfi Javed appeared in Bigg Boss OTT. Although he may not have got a chance to spend much time in this show, but from the show, Urfi made a different identity around the world. Every child recognizes the child Urfi Javed. At the same time, there is news about the actress that she will soon be seen in the contestant reality show MTV Splitsvilla X4. have been found. It is being said that through this show, Urfi can choose her new dating partner. Please tell that Urfi's name has been associated with actor Paras Kalnavat. Both were dating each other since the year 2017, but their relationship did not last long and broke up. Promo of Splitsvilla surfaced - MTV has released the promo of Splitsvilla X4 on social media. Urfi Javed is also seen in this video, but in a very flamboyant style. Urfi Javed on joining Splitsvilla as a contestant said- 'I have been following MTV Splitsvilla for centuries and being a part of this famous dating reality show is just crazy. The show is all about finding a perfect match. I am very romantic so no doubt I wanted to be a part of it. Arjun Bijlani will host the show- Let us tell you that Splitsvilla X4 is going to be seen hosting the famous TV actor and winner of Khatron Ke Khiladi 11, Arjun Bijlani. The show was earlier hosted by Rannvijay Singha, but this time Arjun Bijlani will be seen with Sunny Leone.




# Anushka Sharma wished Virat Kohli on his birthday in a cute way, shared unseen pictures

Bollywood's beautiful and best actress Anushka Sharma remains in a lot of news about her professional life as well as her personal life. Today is a very special day for Anushka because today Virat Kohli, who is called the uncrowned king of the cricket world, is celebrating his 34th birthday today. On the special occasion of Virat's birthday, Anushka posted a cute post and congratulated her with cute pictures. Anushka shared Virat's pictures- Anushka has shared four pictures on Instagram on Virat's birthday. Virat's cute style is being seen in these pictures. In three pictures, where Virat is seen in a funky style, in one picture he is seen with his daughter. However, the daughter's face is not visible in this picture. Fans and celebs are very fond of these pictures of Virat. Their pictures are going viral on social media. What is Anushka's caption- Anushka has also written a beautiful caption while sharing pictures of Virat on social media. Sharing the pictures on Insta, Anushka wrote in the caption, 'It's your birthday my love... so I have chosen the best angles and photos for this post..., lots of love in every situation and time and way.' Many celebs have also liked and commented on Anushka's post. Anushka had expressed anger – Remind that recently Anushka Sharma had expressed anger when the video of Virat Kohli's room went viral. Anushka had written, 'There have been many such incidents in the past when the fans did not have any mercy on us but this was the worst thing. Very lousy and a violation of humanity. Anyone who sees this and thinks that if you are a celebrity, then you have to deal, should know that you are also part of the problem. Having a little self-restraint helps everyone.



# यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी दी



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - यातायात जागरुकता माह नवम्बर 2022 के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदयशंकर सिंह के निकट निर्देशन में समस्त यातायात कर्मियों को आचरण एवं वर्दी धारण करने के सम्बन्ध में प्रशिक्षण व यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी दी गयी। इसके साथ ही वी0पी0एस0 पब्लिक स्कूल जी0टी0 रोड एटा में बच्चों को पेन्टिंग, निबन्ध, क्विज, एवं वाद विवाद प्रतियोगिता करायी गयी जिसमें निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंजली कुशवाह, द्वितीय स्थान भूमि यादव व तृतीय स्थान खुशी राजपूत तथा चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशबू यादव, द्वितीय स्थान हिमांशी यादव व तृतीय स्थान प्रतीक यादव और क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मायरा सागर, आदित्य मिश्रा द्वितीय स्थान सुचिर वर्मा, वत्कर्ष कुशवाह ने प्राप्त किया और साथ ही यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी दी गयी। इसी क्रम में शहर के व्यस्त चौराहों पर होर्डिंग्स लगाई गयी व 04 बैनर लगाये गये, 450 पम्पलेट बांटी गयी एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से लोगों को जागरुक किया गया। दैनिक चैकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले विभिन्न वाहनों के 65 ई-चालान पर 51,500 रुपये जुर्माना किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजकुमार सिंह, प्रभारी यातायात बचान सिंह शाक्य, उप.निरीक्षक यातायात सतीशचन्द्र, ।ष्ट रामचरन, ।ष्ट पवन कुमार, ।त्न सन्तोष, ।त्न अभय पाल आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -सोनवा श्रावस्ती तहसील इकौना मे जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।तहसील दिवस में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर एवम् उनका निराकरण करने हेतु सम्बन्धित को अधिकारियो को निर्देशित किया गया। तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का यथाशीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिए। गुणवत्तापूर्ण त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया गया।संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार हटाओ गंदगी मिटाओ के तहत चलाया झाड़ू अभियान

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - श्रावस्ती आम आदमी पार्टी के जिला संगठन द्वारा झाड़ू चलाओ भ्रष्टाचार हटाओ महंगाई हटाओ गंदगी हटाओ अभियान के तहत संजय पार्क से लेकर नगर पंचायत तक झाड़ू यात्रा का आयोजन किया जिसमें आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सड़क पर झाड़ू लगाते हुए सांकेतिक रूप से प्रदर्शन किया इस प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला नगर पंचायत इकौना अध्यक्ष पद प्रत्याशी रामकृष्ण सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तीन एटीएम में चोरी की कोशिश कर चुके शातिर

योगेश मुदगल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - शहर में एटीएम पर चोर पिछले काफी दिनों से निशाना बना रहे हैं। इससे पूर्व तीन एटीएम को तोड़ने की कोशिश की गई। इसमें न चोरी हुई थी और न ही तोड़ी जा सकी थीं। पुलिस ने इन घटनाओं को गंभीरता से नहीं लिया था। निधौली रोड पर लगी एटीएम को चोरों ने काट दिया था। घटना को अंजाम देने से पहले ही आसपास के लोगों ने देख लिया। चोर एटीएम से कैश नहीं ले जा सके। शिकोहाबाद रोड पर साक्षी आश्रम के पास लगी एटीएम से भी चोरों ने पैसा चोरी करने की कोशिश की थी। यादवनगर के पास एटीएम पर भी चोरी की कोशिश की। यहां से भी कोई कैश नहीं ले जा सके। एक वर्ष में करीब तीन बार चोर इस तरह की कोशिश कर चुके हैं। तीन दिन पहले अरुणानगर गेट पर लगी एटीएम को गैस कटर से काटकर कैश ले गए। अगर पुलिस पुरानी घटनाओं को गंभीरता से ले लेती और एटीएम के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय रखती तो बड़ी घटना होने से बच जाती। 26 लाख चुराने वालों की तलाश में दबिश अरुणानगर गेट पर एक्सिस बैंक के एटीएम से 26 लाख रुपये चोरी होने के बाद पुलिस की टीमें जिले के अलावा आसपास के जनपदों में भी दबिश दे रही हैं। पुलिस का दावा है शीघ्र ही इस घटना का खुलासा कर देंगे। घटना को लेकर कई संदिग्धों से भी पूछताछ की जा रही है। माना जा रहा है जिन लोगों ने एटीएम को काटा है उन्होंने रैकी करने के बाद ही घटना को अंजाम दिया है। एटीएम को इतनी सफाई से काटा कि आसपास के लोगों को भी इसकी भनक नहीं लग सकी। घटनास्थल के ठीक सामने केनरा बैंक पर हर समय गार्ड रहता है।

## पैदल जा रहे युवक को वाहन ने रौंदा

योगेश मुदगल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - पैदल जा रहे युवक को वाहन ने रौंद दिया। टक्कर लगने से युवक की मौत हो गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना रिजोर के घुमरिया निवासी महेश ( 35 ) पुत्र कांशीराम रिश्तेदारी में गुरूवार सुबह पिलुआ गए थे। पिलुआ में चौधरी ढाबा के पास पहुंचे, तभी वाहन ने रौंद दिया। टक्कर लगने से युवक गंभीर घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज से आगरा रेफर कर दिया। आगरा में उपचार के दौरान शुक्रवार सुबह मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। अन्य सड़क हादसों में दो लोग घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

# एटा में रेलवे मैं फर्जी नौकरी के नाम पर शादी रचाने आया दूल्हा पहुंचा हवालात मैं



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -एटा में रेलवे मैं फर्जी नौकरी के नाम पर शादी रचाने आया दूल्हा पहुंचा हवालात मैं, रेल विभाग मैं अफसर की नौकरी के नाम पर रचा रहा था एक लड़की से शादी, जयमाला के बाद लड़की के परिजनों के सामने खुला फर्जी नॉकरी का भेद, तो लड़की ने शादी से किया इंकार, लड़की पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने दूल्हे को शादी की शेरवानी मैं पहुँचाया एटा कोतवाली नगर की हवालत मे, लड़की पक्ष ने दहेज़ मैं 20 लाख रु0 देने की कही बात, पीड़ित परिजनों ने दहेज में दिए गए 20 लाख रुपये बापस कराने की पुलिस से की मांग, फिलहाल पुलिस इस पुरे मामले की गहनता से कर रही है जाँच, एटा के कोतवाली नगर क्षेत्र के रामा पैलेस होटल में हो रही शादी का मामला।

## कलेक्ट्रेट के शस्त्र अनुभाग में प्राइवेट कर्मचारी के अवैध बसूली करने की शिकायत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा - कलेक्ट्रेट के शस्त्र अनुभाग में प्राइवेट कर्मचारी के अवैध बसूली करने की शिकायत, एडीएम एवं असला बाबू के नाम से पिछले लंबे समय से कर रहा था अवैध बसूली, पूर्व में तैनात रहे असला बाबू ने प्राइवेट तौर पर रखा था निश्चल सक्सेना नामक युवक, एक पीड़ित ने डीएम अंकित कुमार अग्रवाल से की थी निश्चल सक्सेना की लिखित में शिकायत, पीड़ित से निश्चल सक्सेना ने ?5000 एडीएम एवं ?3000 असला बाबू के नाम पर लिए थे, शातिर निश्चल सक्सेना असलाह ऑफिस में अपनी हनक जमाए हुए था, ह्छु नंबर देने के भी लेता था एक ?1000 रूपये ,,ष्ठरू प्रशासन कों मामले की जानकारी होने पर निश्चल सक्सेना पर कार्रवाई के दिए निर्देश, निश्चल सक्सेना को शिकायत होने की भनक लगते ही ऑफिस से हुआ रफु चक्कर, पिछले 3 दिन से फरार चल रहा है निश्चल सक्सेना, निश्चल सक्सेना ने असला बाबू से लेकर एडीएम के नाम से की ऑफिस से धनउगाई, असलाह ऑफिस में दो बाबू और एक कर्मचारी होने के बाद भी आखिर क्यों रखा गया प्राइवेट व्यक्ति,

## पंजाब नेशनल बैंक ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत की दिलाई शपथ

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती -भिनगा पंजाब नेशनल शाखा भिनगा के तत्वाधान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन अलक्षेन्द्र इंटर कॉलेज भिनगा में किया। जिसमें कॉलेज के प्रधानाचार्य व पीएनबी शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक आशीष मिश्रा ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत एवं ईमानदारी व सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। प्रबंधक ने शपथ के दौरान कहा कि हम नीतिपरक कार्य पद्धतियों को बढ़ावा देंगे तथा ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देंगे, हम ना तो रिश्वत देंगे और ना ही रिश्वत लेंगे,हम पारदर्शिता, जिम्मेवारी तथा निष्पक्षता पर आधारित निगमित सुशासन की प्रतिज्ञा करते हैं। इस मौके पर समस्त शिक्षकगण व विद्यार्थी व पीएनबी शाखा के अधिकारी सभाष चन्द्र, गौरव यादव एवं बैक कर्मचारी लोक राज नारायण पाठक आदिगण मौजूद रहे।

## अग्निवीर भर्ती रैली दुर्ग में 1 दिसंबर 2022 से 13 दिसंबर 2022 तक

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन लाइवलीहुड कॉलेज परिसर पर्री में होगा जिला प्रशासन सूरजपुर के द्वारा जिला मुख्यालय दुर्ग में दिनांक 1 दिसंबर 2022 से 13 दिसंबर 2022 तक आयोजित होने वाले अग्निवीर भर्ती रैली के लिए निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन लाइवलीहुड कॉलेज परिसर पर्री सूरजपुर में किया जायेगा। सूरजपुर जिले के ऐसे आवेदक जिन्होने उक्त रैली के लिए अपना पंजीयन कराया है। श्री एमआर जायसवाल जिला रोजगार अधिकारी के मोबाइल नंबर 9424252156, 7974099539 पर संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं।

## नशे के अवैध कारोबार पर थाना सूरजपुर पुलिस की कार्यवाही, गांजा सहित 1 गिरफ्तार



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने नशे के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश थाना प्रभारियों को दिए है। इसी क्रम में शुक्रवार को थाना सूरजपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम देवनगर निवासी फकरूद्दीन मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में थाना सूरजपुर पुलिस ने सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए देवनगर में घेराबंदी कर फकरूद्दीन उर्फ फखरूद्दीन पिता जउवाद अली उर्फ जउआद अली उम्र 42 वर्ष निवासी देवनगर को घेराबंदी कर पकड़ा जिसके कब्जे से 755 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत करीब 15 हजार रूपये का जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, एसआई गजपति मिर्रे, प्रधान आरक्षक मोहम्मद तालीब शेख, आरक्षक लक्ष्मी नारायण मिर्रे, रामकुमार नायक व महिला आरक्षक चंदा भास्कर सक्रिय रहे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह मे सम्मिलित होने से रह गई बच्चियो का कार्यालय पर किया सम्मान

सत्यम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली- क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने के लिये हमेशा से ही युवाओ के लिये कुछ न कुछ नया करने वाले तहसील आंवला के विकास क्षेत्र मझगंवा से वर्तमान प्रमुख यशवंत सिंह ने आज बीत? कई वर्षो से आंवला क्षेत्र के मेधावियो को सम्मानित करने के लिये आयोजित किये जा रहे प्रतिभा सम्मान समारोह मे किन्ही कारणो से शामिल न हो पाने से मायूस बच्चियो को आंवला स्थित अपने भाजपा कार्यालय पर सम्मानित कर क्षेत्र की प्रतिभाओ को निखारने के लिये आयोजित किये जाने वाले इस सबसे बडे कार्यक्रम मे सम्मान न मिल पाने से मायूस हुई बच्चियो के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया। प्रमाण पत्र व मैडल पाकर गदगद हुई बच्चियो ने इसके लिये ब्लाक प्रमुख यशवंत सिंह को धन्यवाद भी दिया। राजकीय कन्या इण्टर कालेज आंवला से कक्षा बारह पास करने वाली छात्रा आसिफा, तमन्ना, गुलपशा के साथ चाचा नेहरु आंवला की छात्रा अरिवा ने बताया बीते दिनो आंवला के स्वर्ण पैलेस मे आयोजित हुये प्रतिभा सम्मान समारोह मे शामिल न हो पाने की बजह उनके व उनकी सहपाठियो ने सम्मानित हो?ने का मौका गंवा दिया था जो आज यशवंत सिंह द्वारा मिले सम्मान से पुन्न प्राप्त हुआ। बच्चियो को सम्मानित करने के बाद ब्लाक प्रमुख यशवंत सिंह ने सभी बच्चियो के सुनहरे कल की कामना करते हुये उन्हे शुभकामनाएं दी। आंवला प्रीमियर लीग भी खासा लोकप्रिय है। इस दौरान कार्यालय पर उनके साथ पत्रकार विशाल शर्मा, जयलाल वर्मा आचार्य जी, प्रभाकर शर्मा, नत्थू सिंह आदि लोगो ने छात्राओ का उत्साह वर्धन किया।

## ग्राम पंचायत पासल का किया साफ-सफाई, उप स्वास्थ्य केंद्र पासल में लगाया गया था अरहर का खेती



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले के दुर आंचल क्षेत्र चांदनी बिहार पुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पासल के उप स्वास्थ्य केन्द्र मैं अधिकारियों ने निरीक्षण करते हुए साफ सफाई करवा रहे हैं। शीतल के अंदर सब्जी की खेती या और हर का पेड़ लगाई गई थी। जिसे विभाग की टीम जब हॉस्पिटल पहुंची तो हॉस्पिटल की साफ-सफाई करवाते समय बाउंड्री में लगे फसल को एक्ट्रा कर साफ सफाई करवा दिया। पासल पंचायत के एनएम संगीता साहू वर्तमान में पदस्थ हैं जो हॉस्पिटल के बाउंड्री के अंदर फसल लगाया गया था। जिसे स्वास्थ्य केंद्र बिहार पुर के टीम सहित अधिकारियों ने पहुंचकर हॉस्पिटल के बाउंड्री में साफ-सफाई करवाते हुए निरीक्षण किया।

## मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की मोबाइल मेडिकल यूनिट शिविर का आयोजन

रामचंद्र जायसवाल -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- नगर पालिका परिषद सूरजपुर अंतर्गत मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन सूरजपुर जिला मे किया जा रहा है जिसमे मौसमी सर्दी खासी, हाथ पैर दर्द, सिर दर्द, शुगर, बीपी, शरीर में खुजली, दाद जैसे समस्या अन्य बीमारियों का निःशुल्क जांच कर दावा दिया जाता है, इसमें 41 प्रकार का लैब टेस्टज का भी सुविधा दिया गया है विगत दिनों वार्ड नं 2 महगावां में शिविर का आयोजन किया गया था ।जिसमे कुल 126 मरीजों का निःशुल्क जांच किया गया साथ ही 120 मरीजों को दवा दिया गया 66 मरीजों का लैब टेस्ट किया गया है। 1 मई से अब तक कुल 268 कैंप का संचालन हुआ है जिसमे 16250 मरीजों का जांच किया गया है, 3940 का लैब टेस्ट और 12500 मरीजों को सेवा का लाभ मिला है। इस दौरान एरिया मैनेजर रेणुका बंजारे, डिस्टिक कोऑर्डिनेटर गौरी शंकर साहू, डॉक्टर पारुल वानखेडे, फार्मासिस्ट आयुषी साहू, स्टाफ नर्स अमिता तिर्की, लैब टेक्नीशियन प्रेमचंद सोनवानी, वाहन चालक विक्की सोनवानी मौजूद थे।

## जेसीबी से सड़क निर्माण कराकर नाबालिगों को मनरेगा मजदूर बना निकाल रहे मजदूरी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर-बिहारपुर -सूरजपुर जिले के ओडगी ब्लाक के नवाटोला पंचायत में रोजगार गारंटी योजना के तहत सड़को का निर्माण मजदूरों के बजाय जेसीबी से कराने का आरोप लगा है। इसकी शिकायत कलेक्टर से की गई है। वहीं बताया गया है कि यहां कर्मचारियों ने 12 से 16 साल के नाबालिगों का जाब कार्ड में नाम दर्ज कर उनकी हाजरी भरकर पैसा का आहरण कर लिया है। नवाटोला में रोजगार गारंटी योजना के तहत जाब कार्ड संख्या 275 सी में मुखिया अजय कुमार साहू उम्र 13 वर्ष व अंजीत साहू 12 वर्ष वहीं जाब कार्ड क्रमांक 245 सी में मुखिया सुनिता साहू उम्र 15 वर्ष तो आनंदी साहू 12 वर्ष का नाम मजदूर के रूप में दर्ज है। आरोप है कि इस तरह और भी कई नाबालिगों का नाम दर्ज कर फर्जी हाजरी भरकर रूपए का आहरण किया गया है, वहीं इसमें बैंक खाता नंबर दूसरे लोगों का दर्ज कर मजदूरी की राशि आहरित की गई है। वहीं कई लोग दूसरे राज्यों में जाकर काम कर रहे हैं उनका भी हाजरी भरा गया है।

## नशे के विरूद्ध रामानुजनगर पुलिस का छिन्दिया गांव में लगा चौपाल

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- जिले की पुलिस के द्वारा स्मार्ट पुलिसिंग के साथ ही अब नशे के विरूद्ध मुहिम चलाकर लोगों को इसके दुष्प्रभाव के बारे में बताकर उन्हें इससे दूर रहने की समझाइश देने मुहिम चलाया है। पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने बेसिक एवं सामुदायिक पुलिसिंग के साथ-साथ नशे पर अंकुश लगाने एवं नशे के दुष्प्रभाव से लोगों को अवगत कराकर नशे की लत को छोड़ने के लिए उन्हें प्रेरित करके के लिए इस माह प्रत्येक थाना-चौकी क्षेत्र के 2 गांव में नशे के विरूद्ध चौपाल लगाने के निर्देश दिए है जिसके तहत एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में थाना रामानुजनगर पुलिस के द्वारा शुक्रवार को ग्राम छिन्दिया में जन चौपाल लगाया गया। नशा मुक्त गांव-शहर के लिए पुलिस के इस पुनीत कार्य में आम नागरिकों को भी इस अभियान में भाग लेने की बात कही। इस दौरान साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड, एटीएम फ्रॉड एवं महिला व बच्चों से संबंधित अपराधों के प्रति जागरूक किया एवं उनसे बचने के उपाय भी बताए। इस अवसर थाना प्रभारी रामानुजनगर विपिन लकड़ा, एएसआई बिसुनदेव पैंकरा, गांव के सरपंच सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## छात्राओं को मिली सरस्वती साइकिल

गयासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेण्ड्रा मरवाही-पेण्ड्रा नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया शाला परिसर का निरीक्षण अतिरिक्त कक्ष एवं शौचालय मरम्मत करने का दिया आदेश- शासकीय उच्चतर विद्यालय सरकारी पारा पेण्ड्रा जिला जीपीएम में शासन की महती योजना निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण अंतर्गत कक्षा नवमी की पात्र छात्राओं को साईकिल वितरण किया गया। साइकिल वितरण करते हुए मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जालान ने बालिकाओं को अपनी शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि राज्य शासन की महती योजना अंतर्गत निःशुल्क साइकिल वितरण से बालिकाएं अब अधिक आत्मविश्वास , आत्मनिर्भरता,उत्साह के साथ स्कूल आना जाना करेंगी।उन्होंने कहा बच्चों को मन लगाकर अध्ययन करने तथा शासन द्वारा स्कूलों में दिए जाने वाले विभिन्न सुविधाओ का लाभ लेते हुए अपने उज्ज्वल भविष्य निर्माण करेंगे। राकेश जालान ने शाला परिसर का निरीक्षण किया वहां पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों व स्टाफ के द्वारा अतिरिक्त कक्ष व शौचालय की मरम्मत की आवश्यकता बताई नगर पंचायत अध्यक्ष ने तत्काल मरम्मत हेतु आदेश जारी किया। साइकिल वितरण कार्यक्रम में पार्षद प्रेमवती कोल पार्षद मैकू भरिया पार्षद गोलु राठौर मीडिया प्रभारी रईस खान सहित शाला प्रबंधन के साथ साथ वार्ड वाशी उपस्थित थे।